**दिनांक :10.07.2025** **समय : 07.10pm**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का किया शुभारंभ।
- इन्दौर में कल मध्यप्रदेश ग्रोथ–कॉन्क्लेव 2025 सिटीज ऑफ टूमारों का होगा आयोजन।
- गुरू पूर्णिमा के पर्व पर प्रदेश में हो रहे हैं कई आयोजन, खंडवा के दादा धूनी वाले धाम में लाखों श्रद्धालु।
- प्रदेश में 14 जुलाई तक भारी बारिश की संभावना, दमोह में एक दिन में 4 इंच बारिश।

**अब समाचार विस्तार से:–**

## मुख्यमंत्री गुरु पूर्णिमा

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के कमला नेहरू सांदीपनि शासकीय कन्या विद्यालय में सर्व-सुविधायुक्त नवीन भवन का लोकार्पण किया। लगभग 36 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस अत्याधुनिक भवन में उन्नत प्रयोगशालाएं, लाइब्रेरी और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ऑडिटोरियम का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिल का वितरण का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि राज्य में सरकारी स्कूल निजी स्कूल से बेहतर हो रहे हैं।

## कुलपति - सम्मेलन

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने में विश्वविद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। श्री प्रधान ने आज गुजरात में नर्मदा के केवड़िया में केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में देश के उच्च शिक्षा ढांचे में बड़ा परिवर्तन आया है।

## आयुष मिशन

राष्ट्रीय आयुष मिशन संबंधी नीतिगत दस्तावेज के लिए अंतर्राज्यीय बैठक कल भोपाल में आयोजित की जाएगी। बैठक में केंद्रीय आयुष मंत्रालय के अधिकारियों के साथ संबंधित राज्य के आयुष विभाग के उच्च अधिकारी सहभागिता करेंगे। आयुष चिकित्सा को चिकित्सा की मुख्य धारा में लाकर आमजन को उच्च स्तरीय आयुष चिकित्सा प्रदान करना तथा आयुष विभाग की

अधोसंरचना एवं उच्च गुणवत्तायुक्त मानव संसाधन उपलब्ध कराना इस बैठक का उद्देश्य है।

**ग्रोथ कन्वेंशन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल इंदौर स्थित ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित "मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 – सिटीज ऑफ टुमॉरो" का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री कॉन्क्लेव में होटल, पर्यटन, रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों के प्रमुख निवेशकों से संवाद करेंगे। यह आयोजन प्रदेश में शहरी विकास के ब्लूप्रिंट और भविष्य की योजनाओं पर केंद्रित रहेगा। इसमें 1500 से अधिक निवेशकों, उद्योगपतियों, कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों की सहभागिता होगी। कॉन्क्लेव में चार तकनीकी-सत्र आयोजित होंगे, जिनमें विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे।

निर्वाचन परिणाम

प्रदेश में हुए नगरीय निकायों के उपचुनाव के आज परिणाम घोषित कर दिए गए है। इसमें 6 पार्षद भारतीय जनता पार्टी के और 3 पार्षद कांग्रेस के विजयी रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह ने बताया भोपाल जिले के नगरीय निकाय बैरसिया के वार्ड 7 में भाजपा की सुश्री शाइस्ता सुल्तान, इंदौर जिले के नगरीय निकाय सांवेर के वार्ड 7 में कांग्रेस की सुश्री हसीना और गौतमपुरा के वार्ड 15 में भाजपा के शंकरलाल विजयी रहे हैं।

**गुरु पूर्णिमा**

खंडवा जिले में दादा धूनीवाले मंदिर में गुरुपूर्णिमा महोत्सव पूरी आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आज करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए, इनमें महाराष्ट्र एवं अन्य प्रदेश से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर में एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिला कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि प्रशासन ने भक्तों की सुविधा के लिए पर्याप्त इंतजाम किया है।

**गुरु पूर्णिमा** प्रदेश

प्रदेश में दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा का उत्सव भक्तिभाव से मनाया जा रहा है। इस

दौरान गुरू दीक्षाए, सांस्कृतिक सभाएं और गुरू शिष्य परम्परा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर **अनूपपुर** जिले में मां सरस्वती वंदना, गुरुजनों एवं शिक्षकों का सम्मान तथा शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरु संस्मरण पर संभाषण कार्यक्रम आयोजित किए गए. **सतना** जिले में शिक्षा संस्थानों में,स्कूलों में गुरु शिष्य परम्परागत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**आगरमालवा** जिले में केवड़ा स्वामी स्थित भैरवनाथ मंदिर पर विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या में श्रृद्धालु आये है। वही **खंडवा** जिले के दादा धूनीवाले धाम पर गुरुपूर्णिमा महोत्सव की शुरुआत भक्तिभाव के साथ हुई. कल रात 12 बजे तक एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए. **जबलपुर** में विभिन्न आश्रमों-स्थलों पर गुरु पूजन और आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। **नर्मदापुरम** में कई मंदिरों और आश्रमों में विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं.

निषादराज सम्मेलन

मत्स्य पालन एवं मछुआ कल्याण राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा है कि निषादराज सम्मेलन से राज्य सरकार निषाद समाज की परंपराओं को सम्मान दे रही है। उन्होंने 12 जुलाई को उज्जैन में होने वाले निषादराज सम्मेलन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार माना है। राज्य मंत्री श्री पंवार ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यक्रम में 22.65 करोड़ रूपये की लागत के 453 स्मार्ट फिश पार्लर, 40 करोड़ रूपये की लागत से बन रहे अत्याधुनिक अंडर वॉटर टनल सहित एक्वापार्क और 91.80 करोड़ रूपये की लागत से इंदिरा सागर जलाशय में 3060 केजेस का वर्चुअली भूमि-पूजन करेंगे।

**मौसम**

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के बीच मौसम विभाग ने पूर्वी मध्यप्रदेश के अनूपपुर, बालाघाट, छतरपुर, शहडोल और उमरिया जिलों में अचानक बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए सिंगरौली, शहडोल, बालाघाट सहित 9 जिलों में अति भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के अन्य जिलों में भारी वर्षा के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम

विभाग के अनुंसार 14 जुलाई प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहेगा। इस बीच दमोह में 4 इंच बारिश दर्ज की गई है। वहीं शिवपुरी में 3 इंच और सतना में करीब 2 इंच बारिश हुई। दमोह जिले में यूपी के जालोन जा रही बस एक नाले में फस गई । बस के यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। मंडला में 18 जून अब तक करीब 32 इंच बारिश हो चुकी है। जिले के 210 गॉवों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। 7 लोगों की विभिन्न हादसों में मृत्यु हुई है।

**क्रिकेट**

भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा क्रिकेट टेस्ट मैच लॉर्ड्स में आज शुरू हुआ। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी की शुरूआत की। ताजा समाचार मिलने तक इंग्लैंड ने पहली पारी में दो विकेट के नुकसान पर 95.रन बना लिए हैं। आज के मैच में भारत ने जसप्रीत बुमराह और इंग्लैंड ने जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किया है। पांच मैचों की श्रृंखला में दोनों देश एक - एक की बराबरी पर हैं।

**समाचार संक्षेप में** .....

- नीमच में 5 वर्ष तक के बच्चों की बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भर में दस्तक सह स्टाप डायरिया अभियान का प्रथम चरण 22 जुलाई से 16 सितंबर तक आयोजित किया जायेगा।
- प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत कल आगरमालवा जिला चिकित्सालय के डिलीवरी प्वाइंट पर गर्भवती महिलाओं के लिए कैंप आयोजित किये गये। कैंप में स्त्री रोग चिकित्सकों द्वारा कुल 150 गर्भवती महिलाओं का चेकअप किया गया।
- निवाड़ी कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पृथ्वीपुर सतीश वर्मा ने आज बाढ़ नियंत्रण के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
- गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आज गुना जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई ब्लैक स्पॉट्स और विकास स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान

उन्होंने सड़क सुरक्षा, नए मार्गों के निर्माण और औद्योगिक विकास की दिशा में अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

- शिवपुरी जिले में प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत दूरस्थ क्षेत्र और आदिवासी बसाहटों में साल भर कनेक्टिविटी बनाए रखने के लिए 62 नई सड़कों को मंजूरी मिली है। इसके तहत जिले में 83.44 करोड़ रुपए की लागत से 118.27 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया जाएगा।
- कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने हितग्राहियों को एकमुश्त तीन माह का राशन प्राथमिकता के साथ मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं।

---------------------